**सचिव**
**माननीय राज्यपाल, राजस्थान**

सत्यमेव जयते

राजभवन, जयपुर - 302 006
राजस्थान,
फोन : +91-141-2228792
फैक्स : +91-141-2221156

क्रमांक : एफ.30(2)आरबी / 2025 / 5019
दिनांक : 11 सितम्बर, 2025

**डॉ. एम. के. आसेरी,**
**कुलगुरू,**
**मारवाड चिकित्सा विश्वविद्यालय, जोधपुर।**

महोदय,

राजभवन के आदेश क्रमांक 5101—5102 दिनांक 29.09.2022 के द्वारा प्रो. प्रदीप कुमार प्रजापति को कार्यभार संभालने की तिथि से तीन वर्ष या सत्तर वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने तक, इनमें से जो भी पहले हो, के लिए डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर का कुलगुरू नियुक्त किया गया था

राजभवन के आदेश क्रमांक 4997—98 दिनांक 11.09.2025 के माध्यम से प्रो. प्रदीप कुमार प्रजापति, कुलगुरू, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर एवं कार्यवाहक कुलगुरू, महात्मा गांधी दिव्यांग विश्वविद्यालय, जोधपुर को दिनांक 12.09.2025 को मध्यान्ह् पश्चात् से कुलगुरू पद से कार्यमुक्त किया गया है। जिसके कारण उक्त दोनों विश्वविद्यालयों में कुलगुरू का पद रिक्त हो गया है।

उपर्युक्त क्रम में निवेदन है कि नियमित कुलगुरू की नियुक्ति हेतु डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर में खोजबीन समिति का गठन किया जा चुका है एवं उक्त विश्वविद्यालय में नियमित कुलगुरू की नियुक्ति में समय लगने की संभावना प्रतीत होती है। साथ ही उक्त विश्वविद्यालय में कामचलाऊ व्यवस्था किये जाने हेतु राज्य सरकार की सलाह प्राप्त होने में भी समय लगने की संभावना प्रतीत होती है।

माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय द्वारा डॉ. एम. के. आसेरी, कुलगुरू, मारवाड चिकित्सा विश्वविद्यालय, जोधपुर को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर में कामचलाऊ व्यवस्था हेतु अतिरिक्त प्रभार के रूप में लगाये जाने का अनुमोदन किया गया है।

अतः मैं, माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के निर्देशानुसार आपको अग्रिम आदेशों अथवा राज्य सरकार से उक्त संबंध में सलाह प्राप्त होने तक कामचलाऊ व्यवस्था अन्तर्गत (Stop-gap arrangement) अतिरिक्त प्रभार के रूप में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के कुलगुरू के पद के कृत्यों के निर्वहन के लिए निर्देशित करता हूँ।

सादर

भवदीय,

(डॉ. पृथ्वी)

क्रमांक : एफ.30(2)आरबी / 2025 / 5019 दिनांक : 11 सितम्बर, 2025

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित है :–

1. मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. अतिरिक्त मुख्य सचिव, माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. प्रमुख शासन सचिव, आयुर्वेद विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
4. शासन सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
5. कुलगुरू, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर।
6. कुलसचिव, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर।
7. कुलसचिव, मारवाड चिकित्सा विश्वविद्यालय, जोधपुर।
8. रक्षित पत्रावली।

सचिव,
राज्यपाल, राजस्थान